Divya Himachal 17-01-2026

# परीक्षा केंद्र अधीक्षक उप अधीक्षक के लिए मांगे आवेदन



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च में हाने वाली परीक्षाओं के संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। बोर्ड ने परीक्षा केंद्र अधीक्षक एवं उप अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने सूचना जारी कर बताया कि इच्छुक एवं पात्र शिक्षक दिनांक 19 से 27 जनवरी तक केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

पंजाब केसरी
SAT,17 JANUARY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE N

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र अधीक्षक व उप अधीक्षक को आवेदन आमंत्रित

धर्मशाला, 16 जनवरी (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान मार्च 2026 में आयोजित की जाने वाली मैट्रिक एवं जमा दो कक्षा की नियमित व राज्य मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा, कम्पार्टमैंट/अतिरिक्त विषय तथा श्रेणी सुधार परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा केंद्र अधीक्षक एवं उप अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति हेतु पात्र शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र शिक्षक 19 जनवरी से 27 जनवरी तक केवल ऑनलाइन माध्यम से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपने स्कूल लॉग-इन आई.डी. से आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन की निर्धारित अवधि समाप्त होते ही संबंधित लिंक को बोर्ड की वैबसाइट से हटा दिया जाएगा।

# परीक्षा केंद्र अधीक्षक व उपाधीक्षक के लिए आवेदन आमंत्रित

Dainik Jagran
17-01-2026

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च, 2026 में संचालित की जाने वाली दसवीं व जमा दो कक्षा के नियमित व स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) की वार्षिक परीक्षा कंपार्टमेंट/अतिरिक्त विषय व श्रेणी सुधार परीक्षा को लेकर केंद्र अधीक्षक व उपाधीक्षक की प्रतिनियुक्ति के लिए शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र शिक्षक 19 से 27 जनवरी तक केवल आनलाइन माध्यम से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से स्कूल लाग इन आइडी पर आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि तय समय के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। तय समय के बाद उपरोक्त लिंक को भी वेबसाइट से हटा दिया जाएगा। इसलिए जिन्हें भी आवेदन करना हो वे समय रहते कर दें।